छत्तीसगढ़ शासन
वित्त विभाग
—:: मंत्रालय ::—
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
जिला रायपुर

क्रमांक २५८६ /पीएफएमएस/ब–4/चार, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29 / **12/2022**

प्रति,

शासन के समस्त विभाग
समस्त विभागाध्यक्ष
छत्तीसगढ़।

विषय :— केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत एस.एन.ए. मार्क्ड खाते को परिवर्तित नहीं करने बाबत्।

संदर्भ :— वित्त विभाग का ज्ञापन क्र–2104/पी.एफ.एम.एस./सी.एस.एस./ब–4/चार दिनांक 31.10.2022.

-----000-----

विषयांतर्गत लेख है कि भारत सरकार द्वारा SNA model हेतु जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं में एकल नोडल खाता खोलकर PFMS Portal में SNA मार्किंग की कार्यवाही विभागों द्वारा की गई है। विभागों द्वारा SNA खाता में परिवर्तन करने की दशा में PFMS Portal पर SNA Marking में भी खाता संख्या को अपडेट करना आवश्यक होता है। जिससे PFMS treasury integration में सही आंकड़े हस्तांतरित होते रहें। वित्तीय वर्ष के मध्य में SNA खाता परिवर्तन करने तथा PFMS portal में खाता संख्या का अपडेशन लंबित होने के फलस्वरूप SNA Reporting में सही आंकड़े परिलक्षित नहीं होते हैं तथा इससे भारत सरकार के दिशा–निर्देशों का अनुपालन नहीं होने के कारण भारत सरकार की समस्त योजनाओं में राज्य को मिलने वाली राशि समय पर नहीं मिल पाती है।

अतः कृपया विभाग सुनिश्चित करें कि ऐसी किसी भी केन्द्र प्रवर्तित योजना जिसमें वित्तीय वर्ष में राशि प्राप्त हो चुकी हो, वित्तीय वर्ष के मध्य में SNA खाता परिवर्तन करने की कार्यवाही नही की जावें । यदि किसी योजना में एन.एस.ए. खाता परिवर्तन करना आवश्यक हो तो प्रथमतः केन्द्र सरकार के पीएफएमएस राज्य निदेशालय से इस संबंध में अनापत्ति सह सहमति प्राप्त की जावे तथा खाता परिवर्तन का औचित्य दर्शाते हुए सहमति हेतु प्रस्ताव कृपया वित्त विभाग को प्रेषित करे। विभाग अपने स्तर से खाता परिवर्तन नहीं करेंगे।

(ऋषभ पराशर)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग
नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29 / **12/2022**

पृष्ठा. क्र. २५८७ /पीएफएमएस/ब–4/चार,

प्रतिलिपि :—

1. **महालेखाकार, छत्तीसगढ़ शासन।**
2. **मुख्य सचिव के उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन**, अटल नगर, नवा रायपुर।
3. **सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग** के निज सहायक, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर
4. **समस्त विशेष सचिव/अपर सचिव/संचालक**, बजट/संयुक्त सचिव/उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, **मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर।**
5. **समस्त अवर सचिव/शोध अधिकारी/विशेष** कर्तव्यस्थ अधिकारी, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, **नवा रायपुर अटल नगर।**
6. **संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़**, अटल नगर, नवा रायपुर।
7. **समस्त वरिष्ठ कोषालय/कोषालय अधिकारी**, छत्तीसगढ़
8. **सहायक महालेखा नियंत्रक**, पी.एफ.एम.एस. राज्य निदेशालय, इंद्रावती भवन छत्तीसगढ़
9. राज्य सूचना अधिकारी, एन.आई.सी. अटल नगर, नवा रायपुर।
10. **संचालक**, वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, नवा रायपुर अटल नगर को वित्त विभाग की वेबसाई **www.cgfinance.nic.in** पर अपलोड करने हेतु

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग